-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 21.06.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन बांदा में बृहद योग शिविर का हुआ आयोजन । योग शिविर में श्रीमान् प्रमुख सचिव परिवहन, श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, मा0 सदर विधायक, जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा ने किया योगाभ्यास ।**

विवरण- आज दिनांक 21.06.2024 को 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज पूरे विश्व में योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है जिसमें योग शिविर के माध्यम से लोगों को योग के महत्व के बारे में जागरुक किया जा रहा है । इस अवसर पर आज पुलिस लाइन में बृहद योग शिविर का आयोजन किया गया । योग शिविर में मुख्य अतिथि श्रीमान् मुख्य सचिव परिवहन श्री एल0 वेंकटेश्वर लू, श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र श्री अजय कुमार सिंह, मा0 सदर विधायक श्री प्रकाश द्विवेदी, जिलाधिकारी बांदा श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल सहित जनपद के अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया । योग शिविर में योगाचार्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के योग एवं प्राणायाम के बारे में जानकारी दी गई साथ ही उनका अभ्यास भी कराया गया ।